आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.10.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार कमान के स्थापना दिवस पर आज ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।
- वन्य प्राणी सप्ताह का कल समापन होगा।
- द्वीपवासियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सांसद बिष्णु पद रे द्वारा आज बंद का आहवान किया गया।
- दुर्गा पूजा उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में कल से पूजा उत्सव का आयोजन होगा।
- जॉलीबॉय द्वीप सोलह नवम्बर से पुनः खुलने जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान आज अपना चौबीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन में परेड का आयोजन किया गया। कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने पिछले चौबीस वर्षों के दौरान द्वीपसमूह में अभूतपूर्व सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता तथा क्षेत्रीय स्थिरता को बनाए रखने में अंडमान निकोबार कमान की विशेष भूमिका है। सभी के संयुक्त प्रयासों से हम द्वीपों की सुरक्षा को बनाए रखने में सफल हुए हैं। इससे द्वीपसमूह में विकास के साथ शांति व्यवस्था को भी बनाए रखने में कामयाबी मिली है। उन्होंने कमान की कई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अभियानों में भी कमान का सहयोग रहा है। कई तरह के अभ्यास भी किए गए, जिसमें अंडमान निकोबार कमान ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यह कमान राष्ट्र के विकास में अपने प्रयासों को हमेशा बनाए रखेगा, ताकि राष्ट्र और इन द्वीपों की सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका समापन कल होगा। इस सिलसिले में कल बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कार्यक्रम रखा गया है, जहां सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। आज अंडमान टील पक्षी पर विशेष अवरण जारी किया

गया। डाक विभाग के डाक सेवा महानिदेशक अशोक कुमार और प्रधान मुख्य वन पाल संजय कुमार सिन्हा ने इस विशेष अवरण को जारी किया। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में प्रधान मुख्य वन पाल ने कहा कि अंडमान टील एक संरक्षित पक्षी है, जो सिर्फ अंडमान में ही पाया जाता है। इनकी संख्या एक हजार से ऊपर है और ये पक्षी मानव प्रेमी है। ये लोगों के साथ घुलमिल जाती है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सागर मित्रों की नियुक्ति की जाएगी। कोलीनपुर, स्वराज द्वीप, जंगलीघाट, गुप्तापाड़ा और छोलदारी में एक–एक पद के लिए विज्ञान विषय में बारहवीं पास उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में छः नवम्बर तक सहायक मत्स्य निदेशक, दक्षिण अंडमान अंचल मत्स्य कार्यालय के पते पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपवासियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सांसद बिष्णु पद रे द्वारा आज बंद का आहवान किया गया। सुबह से ही सांसद कार्यालय के बाहर सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और पार्टी नेता उपस्थित होकर बंद का समर्थन तथा मांगों को लेकर उपस्थिति को संबोधित किए। दिन में दो बजे तक बुलाए गए बंद के कारण श्री विजयपुरम शहर में लगभग सभी दुकाने बंद रही। ऑटो और पर्यटक वाहनों की संख्या भी काफी कम थी। हालांकि सरकारी सेवाएं बहाल रही। स्कूल, कार्यालय खुली रही और परिवहन विभाग की बसें भी नियमित अपनी सेवाएं दे रही थी। बाहरी द्वीपों में भी बंद के समर्थन में दुकानदारों ने अपनी दुकाने बंद रखी। कुछ एक स्थानों पर दुकाने खुली भी रही। बाद मे सांसद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से राज निवास में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल को सांसद की ओर से रखे गए विभिन्न मांगों की सांसद द्वारा जानकारी दी गई। उप–राज्यपाल ने सभी मुद्दों पर ध्यानपूर्वक जानकारी हासिल की। बाद में राज निवास से बाहर पार्टी नेता शीला सिंह ने उप–राज्यपाल से मुलाकात और चर्चा के बारे में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं को जानकारी दी।

<><><><><><><>

दुर्गा पूजा मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपसमूह में कल से पूजा उत्सव शुरू हो रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ अन्य

देवी–देवताओं की प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। दुर्गा पूजा उत्सव शहर के अलावा दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान तथा निकोबार ज़िले में भी मनाया जाएगा। उत्सव को देखते हुए बाजारों में भी काफी रौनक है और लोग बड़ी संख्या में खरीददारी कर रहे हैं। पूजा उत्सव के मद्देनर विद्युत विभाग ने पूजा समितियों और आयोजकों से सावधानी बरतने को कहा है। विभाग ने कहा है कि पूजा उत्सव में बिजली की मांग अधिक होगी और बिजली विभाग पूरे द्वीपों में बिना अवरोध के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने आयोजकों से ऊर्जा के उचित इस्तेमाल करने के लिए एल ई डी लाईट या अन्य ऊर्जा की बचत करने वाले लाईट का पंडालों और घरों में सजावट के लिए उपयोग करने को कहा है। इसके अलावा मांग के समय भारी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल को कम करने तथा बड़ी संख्या में लाईट लगाने और सौन्दर्यकरण के लिए जेनेरेटर या ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का इस्तेमाल करने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि मुख्य ग्रिड पर दबाव कम किया जा सके। सभी के सहयोग से बिना अवरोध के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। पूजा पंडालों से ग्रिड के काम न करने की स्थिति में वैकल्पिक प्रबंध भी करने को कहा गया है, ताकि लोगों की सुरक्षा और संरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय की ओर से नवम्बर–दिसम्बर में सेमिस्टर परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय केन्द्र में विभिन्न यू जी और पी जी पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले इच्छुक नियमित और पूर्व छात्र अपने नाम पंजीकृत कराने के लिए चौदह से तेईस अक्तूबर के बीच कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

नील केन्द्र पंचायत प्रधान पिंकी दास और सदस्य संदीप कुमार दास ने शहीद द्वीप निवासी नारायण चन्दर देबनाथ के निधन पर शोक प्रकट किया है। वे बहत्तर वर्ष के थे।

<><><><><><><>

जॉलीबॉय द्वीप सोलह नवम्बर से पुनः खुलने जा रहा है। प्रधान मुख्य वन पाल संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस द्वीप में प्रतिदिन करीब चार सौ लोग आ–जा सकते हैं। पर्यटक भी इस द्वीप का आनन्द उठाते हैं, जहां खूबसूरत मूंगे आकर्षण का केन्द्र है। इस द्वीप में नेचर ट्रेल भी स्थापित किया गया है। एक दशमलव सात किलोमीटर के इस नेचर ट्रेल में सेल्फी प्वाइंट भी है, जहां लोग सेल्फी ले सकते हैं। कई किस्म के वृक्ष भी है, जो पर्यटकों को काफी आकर्षित करेगा। इससे पारि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा

मिलेगा। इस द्वीप में कई सूचनाप्रद संकेतों के साथ बैठने और पारि–मैत्री झोपड़ियां आदि भी उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से अंतर स्कूल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज भातुबस्ती स्कूल मैदान में सोलह वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के फाइनल मैच में सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पोर्ट मोट ने सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, स्कूल लाईन को सीधे सेटो में पराजित कर दिया। इस अवसर पर मोर्ट मोट स्कूल की प्रधानाचार्या द्वीपा बिश्वास मुख्य अतिथि थी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अब एन सी ई आर टी ने स्कूल पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा को भी मुख्य विषय के रूप में शामिल किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से सुधार के लिए लगातार अभ्यास करने को कहा। इस अवसर पर स्कूल लाईन स्कूल के प्रधानाचार्य द्विजेन्दर राय ने भी अपने विचार रखे। बाद में लड़के और लड़कियों के वर्ग के विजेता और उप–विजेता खिलाड़ियों में पुरस्कार भी बांटे गए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक उनतीस दशमलव आठ मिलीमीटर, कार निकोबार में अट्ठारह, लांग आइलैंड में छः दशमलव आठ, ननकौड़ी में चार दशमलव दो और मायाबंदर में तीन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>